# कार्यालय, महाप्रबंधक, समेकित सहकारी विकास परियोजना, बेतिया, पश्चिम चंपारण।

## निविदा आमंत्रण सूचना

समेकित सहकारी विकास परियोजना (ICDP) अन्तर्गत जिले के विभिन्न प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) में कम्पोजिट सिरियल प्रोसेसिंग यूनिट के तहत् कुल 07 इकाई आटा चक्की मशीन, तेल पेराई मशीन तथा धान हॉलर मशीन की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है जिसके लिए डाक के माध्यम से/हाथों–हाथ सील बंद लिफाफे में दो लिफाफा पद्धति के तहत् प्रकाशन की तिथी से दिनांक 15.09.2025 के अपराहन 5:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को निर्धारित तिथि 16.09.2025 को समय 1:30 बजे अपराह्न, महाप्रबंधक, समेकित सहकारी विकास परियोजना –सह–प्रबंध निदेशक दी नेशनल सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक बेतिया, पश्चिम चम्पारण के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जाएगा। निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि इसमें भाग ले सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रोसेसिंग यूनिट के तहत् मशीन की विशिष्टियाँ निम्नवत् है:–

(A) Specification of Atta Chakki

1. Automatic cold pressed machine
2. Capacity – 40-60 kg/hour
3. Operation mode- Automatic with Cylone
4. Material- Mild steel
5. Usage- commercial
6. Moter type- 3 Phase
7. Power- 5 HP

(B) Specification of oil expeller

1. Automatic cold pressed oil expeller machine
2. Capacity – 25-30 kg/hour
3. Operation mode – Automatic with cold press
4. Material- Steel
5. Usage- Commercial
6. Power – 1500 watt

(C) Specification of Mini Rice Mill Machine

1. Semi-Automatic Rice mill Machine
2. Capacity- 300-500 kg/hour
3. Operation mode- Semi Automatic
4. Material – Mild Steel
5. Usage- Commercial
6. Motor type- 3 phase
7. Power- 3 HP

(क) तकनीकी निविदा की शर्त्ते–

1. व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आटा चक्की मशीन, तेल पेराई मशीन तथा धान हॉलर मशीन की आपूर्ति करने वाले संस्थानों को निविदा में प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अग्रधन की राशिः– निविदादाता को अग्रधन (EMD) के रूप में राशि मो0 1,20,000 (एक लाख बीस हजार रूपये मात्र का किसी भी वाणिज्यिक बैंक का डिमांड ड्रॉफ्ट, निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का महाप्रबंधक, आई0सी0डी0पी0 बेतिया, पश्चिम चम्पारण के पदनाम से बेतिया में भुगतेय हो, निविदा के साथ महाप्रबंधक समेकित सहकारी विकास परियोजना (ICDP) बेतिया, पश्चिम चम्पारण के कार्यालय में मूल रूप में डाक से/ हाथों–हाथ जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करने की स्थिति में निविदादाता को असफल घोषित कर दिया जाएगा।
3. अग्रधन के रूप में जमा राशि पर किसी भी प्रकार का व्याज देय नही होगा।
   अग्रधन के रूप में जमा राशि को निविदा प्रक्रिया में असफल निविदादाता को निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् ही अग्रधन राशि की वापसी (व्याज रहित) की जायेगी। निविदा प्रक्रिया में सफल निविदादाता को अग्रधन की राशि, कार्य पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण के पश्चात् ही वापस की जायेगी।
4. औसत वार्षिक टर्न ओवरः– निविदादाता को विगत तीन वित्तीय वर्षो (2022–23, 2023–24 तथा 2024–25) का अंकेक्षित Balance Sheet एवं P/L Account की विवरणी संलग्न करनी होगी। उपरोक्त तीन वित्तीय वर्षो का औसत टर्न ओवर् राशि 100,00,000/– या इससे अधिक का विवरणी संलग्न करना होगा।
5. जी0एस0टी0 पंजीकरण :– निविदादाता को माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 (GST) के तहत् बिहार राज्य के अन्तर्गत निबंधन से संबंधित प्रमाण–पत्र एवं GST रिटर्न अद्यतन, विवरणी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आई0टी0आर0:– निविदादाता को आयकर विभाग के अन्तर्गत निबंधित से संबंधित PAN CARD की छायाप्रति तथा विगत तीन कर निर्धारण वर्षो (2022–23, 2023–24 तथा 2024–25) का आयकर विवरणी दाखिल करने का साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण–पत्र यथा Shop & establishment /General trade Licence/ MSME/The Compacy Act/ The partnership act उद्यम मे पंजीकरण की प्रति संलग्न करना होगा।
8. चरित्र प्रमाण–पत्रः– निविदादाता को संबंधित पुलिस अधीक्षक/वरीय पुलिस अधिक्षक द्वारा निर्गत, अधिकतम 06 माह पूर्व का, चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
9. अनुभव प्रमाण–पत्रः– निविदादाता को समरूप कार्य का आपूर्ति एवं अधिष्ठापन करने का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. काली सूची में सम्मिलित नही होनाः– निविदादाता का प्रतिष्ठान/फर्म/कम्पनी को किसी भी विभाग या भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज नही किया गया है, इससे संबंधित शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।
11. निविदा की सभी शर्त्तो को मानने के आशय का शपथ–पत्रः– निविदा दाता को इस आशय का शपथ–पत्र संलग्न करना होगा कि उन्हे निविदा की सभी शर्त्ते मान्य हैं।
12. निःशुल्क रख–रखावः– निविदादाता को, आपूर्ति किये गये मशीन के अधिष्ठापन की तिथि से न्यूनतम 02 वर्षो तक निःशुल्क मरम्मती कराने हेतु उद्घोषणा, आपूर्तिकर्त्ता द्वारा निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ख) वित्तीय निविदा की शर्तें–

1. वित्तीय निविदा में निविदादाता, आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों का दर, (A+B+C) अधिकतम मो0 6,41,900 रूपये से ज्यादा नही होना चाहिए [सभी कर सहित] अंक एवं शब्दों में अंकित किया जाना सुनिश्चित करेंगें।
2. सफल निविदा दाता को आपूर्ति आदेश मिलने पर 20 दिनों के अन्दर सामाग्रियों की आपूर्त्ति करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को अलग से परिवहन एवं मजदूरी की राशि देय नहीं होगी। साथ ही परिवहन में किसी भी प्रकार के नुकसान एवं क्षति की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी। निविदा दाता को किसी प्रकार का अग्रिम देय नही होगा।

(ग) सामान्य शर्तें–

1. परिमाण विपत्र की राशि मो0 15,000/–(पन्द्रह हजार) रू0 का डिमांड ड्राफ्ट/चेक, महाप्रबंधक, समेकित सहकारी विकास परियोजना (ICDP), बेतिया, प0 चम्पारण के पदनाम से बेतिया में भुगतेय हो, निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
2. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
3. निविदा दाता द्वारा अलग–अलग प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) में आपूर्त्ति किये गए मशीन की विशिष्टता की जाँच के उपरान्त, विशिष्टिता के अनुरूप पाये जाने पर ही भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।
4. निविदा दाता द्वारा अलग–अलग प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) में मशीन की अधिष्ठापन एवं जाँच के उपरान्त अलग–अलग भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।
5. नमूना एवं आपूरित सामाग्रियों में एकरूपता होनी चाहिए, विचलन की स्थिति में किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा एवं नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जायेगी
6. निविदा को बिना कोई कारण बताए संशाधित करने या रद्व करने का अधिकार, अध्यक्ष क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
7. सफल निविदादाता को Performance Guarantee के रूप में कुल राशि का 5 प्रतिशत Bank Guarantee, सुरक्षा जमा राशि (Security deposit) देना होगा।
8. किसी भी विवाद की स्थिति में महाप्रबंधक (समेकित सहकारी विकास परियोजना) –सह–सचिव, क्रय समिति, बेतिया, पश्चिम चंपारण का निर्णय अंतिम होगा एवं बेतिया न्यायालय का क्षेत्राधिकार लागू होगा।

2/8/25

महाप्रबंधक
समेकित सहकारी विकास परियोजना
बेतिया, पश्चिम चंपारण।